## रेलवे में निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने

# काट दिए गए सैकड़ों हरे पेड़

### बदले में नहीं लगाए पेड़ अधिकारियों ने बंद की आंखें

पश्चिम मध्य रेलवे के सतना रेलवे जंक्शन में पश्चिम की छोर में लगे कई दशक पुराने सैकड़ो हरे पेड़ों को काट दिया गया है। यह पेड़ राजेंद्र नगर से लेकर धवारी मोड़ तक रेलवे की जमीन पर लगे थे,लेकिन निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए अधिकारियों ने आंख बंद कर ली और कंपनी ने अकर्मण्य अफसरों की वजह से अंधाधुंध हरे पेड़ों की कटाई करके यहां वीरान सा माहौल पैदा कर दिया।

सतना।





महत्वपूर्ण बात तो यह है कि हरे पेड़ों को काटने के बाद भी कंपनी ने नए पेड़ों को लगाने का कोई इंतजाम नहीं किया है और भविष्य में ऐसा नहीं होने की संभावना भी है। हरे भरे पेड़ों की वजह से यहां पर छाव रहती थी लेकिन जब से निजी कंपनी ने रेलवे की जमीन को लीज पर लिया है तब से भरे पेड़ों को लगातार काटा जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि विकास के लिए प्राणवायु देने वाले करीब 2500 हरे-भरे पेड़ काटे गए हैं।इन पेड़ों की उम्र 30 से 50 साल बताई जा रही है। इनमें से कई तो आकार में काफी ऊंचे थे। हैरानी की बात तो यह है कि इनमें से एक भी पेड़ को पुनर्जीवित करने का प्रयास नहीं किया गया। इन पेड़ों को बचाने के सवाल पर अधिकारियों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों को बचाना संभव नहीं था। वहीं प्रकृति प्रेमियों का कहना है कि यदि अधिकारी जिम्मेदारी से अपनी ड्यूटी निभाते तो 20 प्रतिशत पेड़ों को तो पुनर्जीवित किया ही जा सकता था। क्षेत्र में सड़क और बड़ी-बड़ी मल्टी स्टोरी बनाने के नाम पर हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है।जितनी तेजी से प्राणदाता पेड़ काटे जा रहे हैं,उतनी संजीदगी से इनकी भरपाई नहीं की जाती। जिम्मेदार दोगुने पौधे लगाने की शर्त पर प्राणवायु देने वाले पेड़ों को काटने की अनुमति तो दे देते हैं,मगर उस शर्त का कितना क्रियान्वयन हुआ यह जानने की कभी चिंता नहीं करते। वहीं निर्माण एजेंसी अपना काम निकल जाने के बाद धरती की बजाए कागजों में ही पौधरोपण कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर देते हैं।

## खबर संक्षेप

### अवैध रिवाल्वर व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**सतना।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने अवैध रिवाल्वर और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।पुलिस सूत्रों के मुताबिक सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सोहावल मोड पेप्टेक सिटी के बगल खाली मैदान में अवैध रिवाल्वर व कारतूस लिये है जो कोई गंभीर घटना घटित कर सकता है सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल पुलिस टीम रवाना कर रेड कार्यवाही की गई जो एक व्यक्ति अपने पास एक अवैध रिवाल्वर व एक नग जिंदा कारतूस लिये हुए मिला आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई एवं आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया जो न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया है।गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अनुराग द्विवेदी उर्फ राहुल द्विवेदी पिता हेमराज द्विवेदी उम्र 19 साल निवासी जवाहर नगर विद्या बिहार कालोनी गली नं.12 वार्ड नं.31 थाना सिटी कोतवाली का रहने वाला है।

### श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेष के लिए पंजीयन 31 मई तक

**सतना।** सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग ने बताया कि श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में 8 ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश की प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए पोर्टल पर 31 मई तक पंजीयन कर सकते हैं। संस्था में तकनीशियन मेकाट्रानिक्स, इलेक्ट्रीशियन,सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन,इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन,आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर ट्रेड का एक वर्षीय पाठयक्रम संचालित है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं तथा शेष सभी सात पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

### समर्थन मूल्य पर तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 30 मई तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस स्कीम अंतर्गत तुअर उपार्जन पोर्टल पर फसल तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई से बढाकर अब 30 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 31 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### मुख्यमंत्री वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आज करेंगे समीक्षा

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 19 मई को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करेंगे। बैठक दोपहर 2 बजे आरंभ होगी। बैठक में कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर बीएस जामोद तथा कलेक्टर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग केन्द्र से कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारी शामिल होंगे।

### अलग अलग स्थानों से पकड़े गए पांच सटोरिये

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम तेवरी में सट्टा खिला रहे तीन आरोपितों को क्राइम ब्रांच कटनी की टीम ने गिरफ्तार किया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद एसपी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना क्राइम ब्रांच के संदीप अयाची के नेतृत्व में पुलिस बल ने दबिश दी। इसमें तीन आरोपियों अभिषेक नामदेव, बबलू अग्रहरि व आकाश असाटी को पकड़ा गया है। इनके पास से सट्टे के हिसाब-किताब से संबंधित दो मोबाइल, 1590 रुपए व सट्टा पट्टियां जब्त किए गए हैं।

## जिले में पटवारियों पर पटवारियों का ही राज

## होम जोन में ड्यूटी कर रहे कोई नहीं हटा नहीं सकता!

हरिभूमि न्यूज, सतना।




मध्य प्रदेश में जब पटवारियों के तबादले की कवायद शुरू होती है तो रीवा संभाग का सतना जिला एकमात्र ऐसा जिला है जहां पर सरकार और यहां के प्रभारी मंत्री बौने नजर आते हैं। किस पटवारी का तबादला कहां होगा यह पटवारी ही तय करते हैं,और उनकी पकड़ इतनी ज्यादा है कि वह जहां पर भी पोस्टिंग चाहते हैं वहां पर पोस्टिंग कर दी जाती है। बताते हैं कि रीवा संभाग में सक्रिय भूमाफियाओं से पटवारियों के गहने ताल्लुका है। ज्यादातर माफिया सफ़ेदपोश हैं जिनके रहमों करम से एक दूसरे का काम बेरोकटोक चल रहा है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में ऐसे पटवारी है जो अपने गृह जिले में ही काम कर रहे हैं। सतना में इस तरह की हालत नागौद और जिला मुख्यालय में ज्यादा देखे जा सकते हैं। इसलिए 2 साल पहले की बात की जाए तो दागी पटवारियों की शहर वापसी ने प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी थी। राजनैतिक दबाव में दागी और विवादित पटवारियों के शहरी क्षेत्र में तबादले कर मुश्किल में पड़े सतना जिला प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा था। जोर-जुगाड़ के दम पर विधानसभा के निर्देश के बावजूद शहर में आ गए दागियों में से एक जेल जा चुके घोटालेबाज पटवारी का ट्रांसफर प्रशासन को कैंसिल करना पड़ा था।स्थानांतरण नीति की कंडिका नंबर 25 में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया कि जिसे भी शिकायत अथवा प्रशासनिक कारण से जिस क्षेत्र से हटाया गया होगा उसे वापस उस क्षेत्र में पदस्थ नहीं किया जा सकेगा। बावजूद इसके उचेहरा तहसील के पटवारी हलका बिहटा में रहे पटवारी को सतना शहर की रघुराजनगर तहसील के बरदाडीह हलके में स्थानांतरित कर दिया गया था। इतना ही नहीं सतना के सोनौरा और कृपालपुर के जमीन घोटाले की गूंज प्रदेश विधान सभा में होने के बाद कई पटवारियों के संबंध में इन्हें दोबारा सतना शहरी क्षेत्र में पदस्थ न किए जाने के निर्देश भी दिए थे। विधानसभा की कार्रवाई में सतना के पटवारियों को लेकर यह टिप्पणी दर्ज की गई थी कि सतना के पटवारी इतने पावरफुल है कि चीफ सेक्रेटरी का तबादला हो सकता है,लेकिन सतना के पटवारियों का नहीं।

### गड़बड़ी पर हटने वाले भी वापस

विधानसभा की इस तल्ख टिप्पणी के बावजूद न केवल घोटालेबाजी के आरोपी को वापस सतना बुलाया गया,बल्कि विधानसभा के निर्देश के दायरे में रहे पटवारी विवादित चेहरे भी शहर वापस आ गए।

### तबादलों में कंडिका 26 का भी उल्लंघन

सतना में पटवारियों के तबादले करने के लिए पड़े राजनैतिक दबाव के आगे प्रशासन के झुकने का आलम यह है कि यहां तबादला नीति की कंडिका 25 का उल्लंघन कर हटाये गए चेहरों की वापसी तो कराई ही गई। कंडिका 26 को भी दरकिनार कर दिया गया। कंडिका 26 के अनुसार 40 फीसदी से ज्यादा विकलांग पटवारियों के तबादले नहीं करने थे,फिर भी 55 फीसदी विकलांग महिला पटवारी को मटेहना से हटा कर कोठी भेज दिया था।

### राजनैतिक दबाव की चर्चा जोरों पर

सतना के पटवारियों के तबादले के मामला हमेशा से किसी आग के गोले जैसा रहा है। यहां पटवारियों के तबादले जनता की जरूरत और समस्या समाधान तथा प्रशासनिक व्यवस्था के लिहाज से नहीं बल्कि नेताओं की खुशामद के हिसाब से होने की चर्चा इस बार भी जोरों पर है। कलेक्ट्रेट ही नहीं राजनैतिक गलियारों में भी चर्चा गर्म रहती है कि पटवारियों के तबादलों में सांसद की चलती है।

## खूंथी में शराब पीने के बाद हंगामा, चाकू चले; दो घायल





### युवक के पेट में आई चोट,रीवा रेफर; बचाने आए भाई का सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज, सतना।

सिटी कोतवाली क्षेत्र के खूंथी मोहल्ले में शनिवार आधी रात घर के बाहर शराब पीकर गाली-गलौज करने से मना करने पर चाकूबाजी हो गई। घटना में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। एक को जिला अस्पताल से रीवा रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को रात में ही हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार खूंथी गली नंबर 2 निवासी नबी अहमद 34 वर्ष पिता गुलाम नबी कुरैशी ने लगभग साढ़े 11 बजे अपने घर के बाहर शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे आरोपी मदन शाह एवं मुन्ना शाह को मना किया। इस पर दोनों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू नबी अहमद के पेट में लगी। उसे बचाने आए छोटे भाई शाहबाज 31 वर्ष के सर पर आरोपियों ने रॉड मार दी।

### एक घायल रीवा रेफर

घटना की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद नबी को संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया है। उधर,आरोपी पक्ष का कहना है कि मारपीट पहले नबी लोगों ने शुरू की थी,जिसके बाद विवाद बढ़ गया। पुलिस फिलहाल दोनों ही पक्षों की शिकायत पर घटना की जांच कर रही है।सिटी कोतवाली टीआई राघवेंद्र द्विवेदी ने बताया कि इस मामले में 2 आरोपियों को रात में ही हिरासत में ले लिया गया है। उनसे पूछताछ कर घटना की जांच की जा रही है।

## सुभाष पार्क में क्रिकेट बॉल लगने पर मारपीट



### युवक को पहले विकेट से मारा,फिर दोस्तों से भी पिटवाया; वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज, सतना।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सुभाष पार्क इलाके में क्रिकेट खेलते समय एक छोटी सी घटना ने हिंसक रूप ले लिया। शुक्रवार की शाम 4 बजे अंशुमान चौधरी क्रिकेट खेल रहा था। खेल के दौरान बॉल वहां से गुजर रहे मुन्ना अग्रवाल को लग गई। इस घटना के बाद मुन्ना अग्रवाल ने पहले खुद अंशुमान की विकेट से पिटाई की। इसके बाद अपने नकाबपोश साथियों को भी बुला लिया। इन सभी ने मिलकर अंशुमान की पिटाई कर दी,जिससे वह घायल हो गया। वहीं,इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में नकाबपोश युवक अंशुमान पर लात-घूंसे बरसाते दिख रहे हैं। पीड़ित अंशुमान चौधरी बजरहा टोला का रहने वाला है। हालांकि,मारपीट करने वाले नकाबपोश युवकों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

### वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी

पीड़ित ने शनिवार को सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है।पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है। फिलहाल आरोपियों की तलाश जारी है।

## चेक डैम में नहाने गए युवक की मौत जेसीबी से तोड़कर निकाला शव

हरिभूमि न्यूज, सतना।

मझगवां थाना क्षेत्र के पटना गांव में स्थित सेहा नाला के चेक डैम में एक युवक की मौत हो गई। रविवार दोपहर को 25 वर्षीय धीरेन्द्र यादव नहाने के दौरान पानी खींचने वाली मोटर की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,युवक जैसे ही पानी में उतरा,वह गहरे गड्ढे और मोटर के दबाव में खिंचता चला गया। पानी में घंटों तलाश के बाद भी शव नहीं मिला। इसके बाद जेसीबी से चेक डैम की दीवार तोड़कर साढ़े तीन घंटे बाद शव को बाहर निकाला गया।

### 15 फीट गहरा गड्ढा खुदवाया था

जानकारी के अनुसार,इंडो न्यूक्लियर प्राइवेट लिमिटेड ने पानी खींचने के लिए चेक डैम में करीब 15 फीट गहरा गड्ढा खुदवाया था।कंपनी ने कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की थी। मृतक लालपुर चकर गांव का रहने वाला था और पटना गांव में एक तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने आया था। परिजनों ने इंडो न्यूक्लियर प्राइवेट लिमिटेड पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## वूमन फॉर ट्री अभियान में प्रदेश की सशक्त भागीदारी

### राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज, सतना।

प्रदेश में केन्द्र सरकार के "एक पेड़ माँ के नाम" से प्रेरित होकर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत "वूमन फॉर ट्री" पौध-रोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में क्रियान्वित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अमृत 2.0 योजना एवं डे-एनयूएलएम के कन्वर्जेंस से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र का विस्तार, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने,नागरिकों को स्वस्थ जीवन-शैली एवं महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। वूमन फॉर ट्री अभियान के संचालन के लिये केन्द्र सरकार ने पोर्टल तैयार किया है। सभी प्रदेशों से उन स्थानों का चयन करने के लिये कहा गया था, जिन स्थलों पर पौध-रोपण किया जायेगा। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर है, जहाँ 565 विजिट कर स्थल की पहचान की गयी है। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किया जायेगा। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौध-रोपण अभियान संचालित किया जाएगा। यह पौधे जल संरचनाओं के आसपास,कैचमेंट एरिया,पार्क, शासकीय संस्थानों,विद्यालयों,जल शोधन संयंत्रों तथा उपलब्ध शासकीय भूमि का चयन कर किया जायेगा। लगाये गये पौधों का संरक्षण एवं नियमित निगरानी महिला स्व-सहायता समूहों (अमृत मित्रों) के माध्यम से की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### हैंडपंप को मिट्टी में दबा देने से राहगीरों को नहीं मिल पा रहा पानी



**देवेंद्रनगर।** नगर के सतना रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के पास वर्षों से स्थापित एक सार्वजनिक हैंडपंप हाल ही में मिट्टी में दब जाने के कारण उपयोग से बाहर हो गया है। यह हैंडपंप आसपास के लोगों और राहगीरों के लिए पेयजल का एक सुलभ स्रोत था, लेकिन अब गर्मी के इस कठिन मौसम में इससे पानी नहीं मिलने के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय नागरिकों ने बताया कि हैंडपंप के आसपास मिट्टी भर दी गई है, जिससे इसका हैंडल और नल पूरी तरह ढक गए हैं। न तो पानी निकाला जा सकता है, और न ही इसकी उपस्थिति स्पष्ट दिखाई देती है। यह स्थिति क्षेत्रीय निर्माण कार्य या रखरखाव की अनदेखी का परिणाम हो सकती है।गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा गर्मियों के मौसम में जल प्रबंधन और पेयजल स्रोतों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद ऐसी स्थिति का सामने आना नगर प्रशासन की सतर्कता पर सवाल उठाता है नगरवासियों ने अपेक्षा जताई है कि संबंधित अधिकारी इस स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र ही हैंडपंप को पुनः चालू कराने की कार्रवाई करें, जिससे आम नागरिकों और राहगीरों को राहत मिल सके।

### उप निरीक्षक अनिल सिंह राजपूत होंगे धरमपुर थाना प्रभारी एवं बलबीर सिंह होंगे सलेहा थाना प्रभारी



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा थोटा ने आज दिनांक 17 मई 2025 को आदेश जारी करते हुए प्रशासनिक दृष्टि से अनिल सिंह राजपूत को साइबर सेल प्रभारी के साथ-साथ थाना धरमपुर का थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री राजपूत को थाना धरमपुर का थाना प्रभारी बनाए जाने पर इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही हैं।

### मोटर साइकिल खाई मे गिरी, 1 घायल एक की हालत गंभीर



**अमानगंज।** आज के समय मे शासन जितनी परिवहन सुविधा को सरल और सुगम बना रही है उससे ज्यादा लोग दुरुपयोग करने मे लगे है। आज ऐसा ही मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकिशुन चौधरी पिता नत्थू चौधरी उम्र 25 वर्ष एवं कृष्णपाल चौधरी पिता सियाराम चौधरी उम्र 16 ग्राम कुंवरपुर थाना सिमरिया शादी के कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे, तभी अचानक सिरी पाठा सड़क मार्ग के अंधे मोड पर मोटर साइकिल अनियंत्रित हो गई और सीधे खाई मे जा गिरी।

# जनभागीदारी समिति द्वारा निर्मित दुकानों में चला प्रशासन का बुल्डोजर

### दुकान निर्माण कर अतिक्रमण किसने किया जनभागीदारी समिति ने या दुकानदारों ने?

सकरिया से डिघौरा सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण कार्य चल रहा है पूर्व में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क किनारे जनभागीदारी समिति द्वारा निर्मित दुकानो व मकानों के नोटिस जारी किए गए थे जिस पर आज कार्यवाही की गई

हरिभूमि न्यूज, गुनौर।




बस स्टैंड के पास सड़क किनारे बनी दुकानों में तोड़फोड़ की गई जिसमें व्यापारियों का आरोप है कि प्रशासन ने जिन दुकानों का निर्माण जनभागीदारी समिति द्वारा कराया गया था जिसका आवंटन भी कर दिया गया था परंतु मालिकाना हक़ आज दिनांक तक किसी को नहीं मिला है फिर पीडब्ल्यूडी द्वारा आवंटित दुकान के मालिकों को नोटिस कैसे जारी किया गया जबकि निर्माण तो जन भागीदारी समिति द्वारा ही कराया गया था परंतु नसों में लिखा गया है कि आपके द्वारा अतिक्रमण किया गया है जो कि सरासर गलत है जिससे दुकानदारों को यह भय बना हुआ है की प्रशासन ने जिस तरह से तुगलकी फरमान जारी कर दुकानों का किराया व शेष बची राशि में 18 प्रतिशत ब्याज लगा कर जमा कराया था उसी तरह अभी दुकानों में तोड़ फोड़ की गई कुछ दिनों बाद फिर से प्रशासन फरवान जारी कर दुकान खाली न करा दें चुकी उन दुकानों का न तो पट्टा है ओर न ही कोई लिखा पड़ी, जनभागीदारी द्वारा निर्मित दुकानों में तोड़ फोड़ होने से दूकान आकार में छोटी हो जाएंगी जिसमें दुकानदारों को व्यार में नुक्सान होगा अब देखना होगा जनभागीदारी समिति क्या कदम उठाती है दुकानदारों के लिए किराया में कमी कर राशि वापस होगी या टूटी फूटी दुकानों का दुकानदारों से ओर वसूली होगी? कुछ व्यापारीयों ने प्रशासन पर आरोप भी लगाए। तत्कालीन कलेक्टर दीपाली रस्तोगी ने गुनौर में जनभागीदारी समिति के माध्यम से बस स्टैंड एवं रोड के किनारे दुकानों का निर्माण करवाया गया था,टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से दुकानदारों ने दुकान लेकर अपना ब्यवसाय जमा लिया था प्रशासन द्वारा दुकाने तोड़े जाने से दुकानदारों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है।दुकानदारों ने प्रशासन पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनभागीदारी द्वारा सभी दुकानों का निर्माण एक साथ किया गया था यदि अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जा रही है तो फिर सबके साथ एक जैसी कार्यवाही होनी चाहिए कुछ दुकानों को अतिक्रमण विरोधी मुहिम से दूर रखने के कारण दुकानदारों में रोष ब्याप्त है। दुकानदारों का कहना है कि जिले के मुखिया और जनप्रतिनिधियों को संज्ञान लेकर सभी के साथ एक जैसी कार्यवाही करनी चाहिए। लोगो का कहना है कि हम लोगो ने शासन से दुकाने ली थी,हमने कोई अतिक्रमण नही किया फिर शासन द्वारा बनाई गई दुकानों पर अतिक्रमण विरोधी मुहिम समझ से परे है। गुनौर में चल रही अतिक्रमण विरोधी मुहिम में राजस्व अमले के साथ नगर पंचायत का अमला एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

# देवेंद्रनगर में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त अराजकता की चपेट में जनजीवन

### प्रशासन मौन, ट्राले-टैक्सी की मनमानी और अतिक्रमण से रोज़ाना जाम, सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर संकट

हरिभूमि न्यूज, देवेन्द्रनगर।



देवेन्द्रनगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। मुख्य मार्गों पर सब्जी मंडी की अव्यवस्था, थोक दुकानों का अतिक्रमण और टैक्सी-बस चालकों की बेलगाम मनमानी ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। सलेहा रोड, नया बस स्टैंड और सब्जी मंडी क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हैं। दुकानदार सड़कों पर सामान सजा लेते हैं, वाहन चालक सड़क के बीचोंबीच सवारी बैठाते हैं, जिससे पूरा मार्ग बाधित हो जाता है।

### तेज रफ्तार टेलर बन गए हैं मौत के पहिए

अमानगंज स्थित सीमेंट फैक्ट्री से गुजरने वाले भारी भरकम ट्राले नगर के लिए अभिशाप बन चुके हैं। उनकी तेज गति, लगातार बजने वाले हार्न और बिना किसी ट्रैफिक नियंत्रण के नगर में प्रवेश, ध्वनि प्रदूषण और दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन गया है। नागरिकों की नींद, मानसिक शांति और जीवनकृतीनों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है पुलिस व्यवस्था रस्मी, ट्रैफिक पुलिस का वर्षों से इंतज़ार नगर में ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती अब तक नहीं की गई है, जबकि यह मांग वर्षों पुरानी है। सीमित पुलिस बल के भरोसे व्यवस्था चल रही है। नाबालिग बच्चे बिना लाइसेंस और साइलेंसर निकाली बाइकों से रेस लगाते नजर आते हैं। यह स्थिति कानून-व्यवस्था के साथ-साथ नैतिक उत्तरदायित्व की भी खुली अवहेलना है।प्रशासनिक इच्छाशक्ति के बिना यह स्थिति नहीं सुधारी जा सकती है मौखिक आश्वासनों से आगे बढ़ते हुए तत्काल ठोस निर्णय और कार्रवाई की जाए टैक्सी-बस चालकों पर नियंत्रण और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जाए यह केवल ट्रैफिक की नहीं, जनजीवन की त्रासदी बनती स्थिति है। यदि प्रशासन अब भी नहीं जागा, तो आने वाले समय में यह अराजकता एक बड़े संकट में बदल सकती है।

#### इनका कहना है

-यह केवल ट्रैफिक नहीं, अब जनसुरक्षा का गंभीर प्रश्न बन चुका है। पूरे रोड में वाहन और सामान रख दिए जाते हैं, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है।

आशीष गुप्ता (दुकानदार)

-सब्जी मंडी की अव्यवस्था सबसे बड़ी समस्या है। सुबह से जाम की स्थिति बनी रहती है। वैकल्पिक मार्ग और सख्त अनुशासन जरूरी है।

**अंकित गुप्ता (पत्रकार)**

-देवेंद्रनगर में ट्रैफिक पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों की स्थायी तैनाती अब टाली नहीं जा सकती। यह मसला नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा है।

**विनोद गुप्ता (दुकानदार)**

-तेज रफ्तार ट्रालों ने अब तक कई हादसे कर दिए हैं। ध्वनि प्रदूषण से मानसिक तनाव बढ़ रहा है, यह अब केवल ट्रैफिक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और मानसिक शांति का विषय बन चुका है।

**नीरज जैन (दुकानदार)**

### कर्नल सोफिया कुरैशी एवं भारतीय सेना के अपमान के विरोध में कांग्रेसियों ने फूंका मंत्री विजय शाह और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला



**पन्ना।** हाल ही में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह के द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर अपमानित करने और उसके बाद मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के द्वारा भारतीय सेना के संबंध में अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर संपूर्ण मध्य प्रदेश में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा के मार्गदर्शन में एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष अक्षय तिवारी के नेतृत्व में पन्ना नगर के पुराना कलेक्ट्रेट चौक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मंत्री विजय शाह और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला दहन किया गया, इस दौरान मंत्री और उपमुख्यमंत्री का इस्तीफा या बर्खास्त की मांग उठाई गई और भारतीय सेना के समर्थन में एवं बडबोले मंत्री व उपमुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह, राजेश तिवारी, मनीष मिश्रा, पुरुषोत्तम जडिया, सुनील अवस्थी, शशीकांत दिक्षित, शिव प्रकाश दीक्षित, पार्षद रेहान मोहम्मद, अंकित शर्मा, दीपक तिवारी, निर्पेंद्र परिहार, अनीश खान, पार्षद वैभव थापक, सौरभ पटेरिया, भूपेंद्र परमार, कदीर खान, राजबहादुर पटेल, रियासत खान, अनीश पिंकू सिद्दीकी, एजाज खान, वेदांत मिश्रा, अक्षय जैन, धीरेंद्र पाठक व रज्जन यादव सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी शामिल रहे।

### झोलाछाप डॉक्टर ने नाबालिग युवती के साथ क्लीनिक में किया बलात्कार

**नर्स का काम सिखाकर नौकरी लगवाने का दिया था झांसा**

**पन्ना।** पन्ना में एक झोलाछाप डॉक्टर पर क्लीनिक में काम करने वाली 17 वर्षीय नाबालिग युवती के साथ जबरन बलात्कार करने का आरोप लगा है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने बलात्कार समेत अन्य धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को तत्परता से गिरफ्तार कर लिया। घटना पन्ना जिले के बृजपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ीखेरा ग्राम की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहाड़ीखेरा के बस स्टैंड के समीप झोलाछाप डॉक्टर शिवप्रसाद वर्मा पिता पराग वर्मा निवासी हरसौली थाना कर्वी जिला चित्रकूट उत्तर प्रदेश बिना किसी वैध पंजीयन के लगभग 4-5 माह से अपने क्लीनिक में मरीजों का इलाज कर रहा था। कुछ समय पूर्व नाबालिग युवती अपने पिता के साथ दवा करवाने शिवप्रसाद के क्लीनिक पर आई थी। इस दौरान फर्जी डॉक्टर ने युवती के पिता से बेटी की तारीफ की और नर्स का काम सिखाकर नौकरी लगवाने का झांसा दिया गया। पढ़ी-लिखी बेटी के बेहतर भविष्य की उम्मीद में पिता उसे डॉक्टर के क्लीनिक पर भेजने लगा। गत दिवस झोलाछाप डॉक्टर शिवप्रसाद वर्मा 55 वर्ष ने बेटी की उम्र की नाबालिग कर्मचारी को क्लीनिक में ही जबरन अपनी हवश का शिकार बना डाला। पहाड़ीखेरा से वापस घर पहुंचकर पीड़िता ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद नाबालिग ने पिता के साथ पहाड़ीखेरा पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। बृजपुर थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह भदौरिया एवं चौकी प्रभारी पहाड़ीखेरा कमल सिंह ने घटना की गंभीरता के मद्देनजर तत्परता से कार्रवाई कर बलात्कार के आरोपी फर्जी डॉक्टर शिवप्रसाद वर्मा को दबिश देकर चित्रकूट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया आरोपी अपने क्लीनिक में ही निवास करता था। अजयगढ़ एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया ने बताया आरोपी डॉक्टर के खिलाफ बृजपुर थाना में दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेजा गया।



**गांव-गांव संचालित हैं अवैध क्लीनिक-** उल्लेखनीय है कि पन्ना में सैंकड़ों की संख्या में झोलाछाप डॉक्टर जिला और तहसील मुख्यालय समेत गांव-गांव धड़ल्ले से अवैध क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। चिकित्सक की डिग्री और पंजीयन के बगैर क्लीनिक खोलकर मरीजों का इलाज करने वाले फर्जी डॉक्टरों को जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का अघोषित संरक्षण प्राप्त है। इसके एवज में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पन्ना के कर्मचारी तथा संबंधित बीएमओ झोलाछाप डॉक्टरों से वसूली करते हैं। अवैध क्लीनिक का निरीक्षण उपरांत और नोटिस भेजकर कार्यवाही का दवाब बनाते हुए मोटी रकम ऐंठी जाती है। हाल ही में जिले के अजयगढ़ में दो झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। लेकिन सालभर में गिनती के फर्जी डॉक्टरों पर कार्यवाही के पीछे का मकसद सिर्फ और सिर्फ कार्रवाई के नाम पर दिखावा करना और दवाब बनाने से ज्यादा कुछ नहीं है। जिले में फर्जी डॉक्टरों की संख्या सैंकड़ों में होने के बावजूद एक साल में बमुश्किल दर्जनभर पर कार्रवाई होना अगर दिखावा नहीं तो और क्या है। जबकि इनके गलत इलाज के कारण हर साल कई लोग बेमौत मर जाते हैं। विडंबना यह कि गलत इलाज के कारण होने वाली मौतों केअधिकांश मामले जागरूकता के आभाव, आपसी समझौता एवं भ्रष्टाचार के कारण दब जाते हैं। वहीं अवैध क्लीनिकों में गर्भपात करवाए जाने की भी चर्चाएं हैं।

# ग्राम पंचायत बिल्हा में भ्रष्टाचार की बू, 15 वें वित्त आयोग की राशि में गड़बड़ी का मामला आया सामने












### जिला पंचायत सीईओ ने नाली निर्माण के बारे में पूछा तो खुली पोल सरपंच ने सचिव पर लगाया आरोप, राशि निकालने का मामला चर्चा में

पवई।

जिस तरह से जिले की पवई जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्हा में सरपंच ने सचिव के ऊपर ओटीपी के माध्यम से राशि नाली निर्माण की निकालने का आरोप लगाया। वहीं वर्षों से नाली नहीं बनी थी, जब जिला पंचायत सीईओ ने नाली निर्माण के बारे में पूंछा तो खुली पोल। सचिव ने राशि निकाली अब निर्माण की हो रही कवायद भ्रष्टाचार की हुई पुष्टि क्या सचिव के ऊपर होगी कार्यवाही तय।

जनपद पंचायत पवई की ग्राम पंचायत बिल्हा से बड़ी खबर सामने आ रही है जहाँ ग्राम पंचायत में भारी वित्तीय अनियमितता का आरोप बर्तमान सरपंच द्वारा लगाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, पंचायत सचिव ने करीब एक वर्ष पूर्व 15वें वित्त आयोग से पाँच लाख रुपये की राशि को मिलीभगत कर बिना कार्य कराए निकाल लिया था। सरपंच का कहना है कि मुझे ग्राम पंचायत कि नाली स्वीकृत होने एवं राशि निकलने कि जानकारी तब प्राप्त हुईं। ज़ब मे जिला पंचायत कार्यालय पंहुचा हुआ था। तब जिला पंचायत सी ई ओ ने नाली निर्माण के बारे मे पूछा कि उसका कार्य पूरा हुआ या नहीँ। तब मेने बताया कि ग्राम पंचायत मे नाली का कोई काम नहीं हुआ है। नहीँ मुझे राशि निकालने कि जानकारी है। सचिव द्वारा ओटीपी मांगी जाती थी तो मे विश्वास मे दे देता था।मुझे यह जानकारी नहीँ थी कि पंचायत कि राशि निकाली जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अब जब मामला तूल पकड़ने लगा, तो दिखावे के लिए सचिव द्वारा लोकल रेत और निम्न गुणवत्ता की सामग्री से आनन-फानन में निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह काम महज कागजों में सही दिखाने की कोशिश है, जबकि हकीकत में कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है।ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की माँग की है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। वर्तमान मे कार्य कर रहे मजदूरों का कहना है कि यहाँ कि चन्दनपुर कि नदी से रेत निकाल कर उपयोग कि जा रही है। जिसकी गुणवत्ता बहुत हीं कम होती है ओर जल्द हीं झड़ना शुरू कर देती है। सवाल यह उठ रहा है कि जनपद मे पदस्थ उपयंत्री ने भी बिना कार्य का निरिक्षण किए। एम बी कैसे चढ़वा दी आखिर इस तरह के मामले मे उपयंत्री कि मिली भगत साफ नज़र आती है। कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और क्या दोषियों पर कोई कार्रवाई होती है या नहीं। संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच का कहना है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिलापंचायत व कलेक्टर साहब के शिकायत की अब देखना यह है कि वास्तविकता में ओटीपी के माध्यम से अगर धोखाधड़ी के साथ नाली निर्माण की राशि सचिव के द्वारा जो निकाली गई थी उस पर कार्यवाही क्या तय होगी वहीं भ्रष्टाचार की पुष्टि अब स्वयं हो रही हैं नाली निर्माण कार्य कराये जाने का कार्य आरंभ किया गया है। इस तरह के हालात जिले में अनोखो कायम हो रहे है। सचिव सरपंच किस तरह से पंचायतों में भर्रेशाही का आलम बनाये हुए है। क्या बिल्हा पंचायत में जिम्मेदारी के साथ धोखाधडी का मामला दर्ज किया जायेगा। इतना ही नहीं बिल्हा पंचायत की दास्ता नाली निर्माण में जिस तरह से सरपंच ने राशि सचिव के ऊपर निकालने का आरोप लगाया है वर्षों बीतने के बाद अब नाली का निर्माण किया जा रहा है। सरपंच का कहना है कि पांच लाख रूपये नाली निर्माण के नाम पर निकाल लिये गये थे सचिव के द्वारा। जबकि नाली का निर्माण नहीं हुआ था तो राशि किस मापदण्ड से निकाल ली गई थी। जो अपने आप में सवाल है। जबकि निर्माण कार्य के मूल्यांकन के उपरांत उपयंत्री की अनुशंसा के बाद ही राशि निकालना तय होता है, तो यह क्या। हालात दयनीय जमीनी स्तर पर ग्राम पंचायतो में निर्माण कार्यों को लेकर भर्रेशाही की बानगी। उदाहण को लेकर पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बिल्हा की दास्ता। जहां भ्रष्टाचार की पुष्टि स्वयं अब नाली निर्माण को लेकर साबित हो रही है फिर भी जांच कराये जाने की बात अधिकारियों द्वारा की जा रही है। देखना यह है कि क्या होती है कार्यवाही। पारदर्शिता स्वयं आयेगी सामने।

#### इनका कहना है-

जनपद सी ई ओ अखिलेश उपाध्याय का कहना है कि मामला संज्ञान मे आया है। जाँच टीम भेजकर जाँच कराई जाएगी एवं अवश्यक कार्यवाही कि जाएगी।

**अखिलेश उपाध्याय जनपद सीईओ पवई**

-इसको लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी से बात की गई तो आपका कहना है कि की मामले की जांच कराई जायेगी, तभी कुछ कह पायेगें।

**उमराव सिंह मरावी, जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्ना**

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे अधेड़ की मौत



**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र के स्टैंड पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रहे अधेड़ व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक अपनी पत्नी के साथ दवा कराने के लिए गुलगंज आया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलगंज निवासी घनश्याम पुत्र झलिया अहिरवार को बाइक की टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गुलगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। परिजनों में शोक की लहर है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### वन विभाग ने पकड़ा खैर की लकड़ी का जखीरा



**बमीठा।** वन विभाग छतरपुर रेंज की गंज बीट अंतर्गत हतना-सतना गांव में वन विभाग की टीम ने खैर की अवैध लकड़ी का बड़ा जखीरा पकड़ा है। लकड़ी कुसमा, महाराजपुर निवासी संतोष सिंह पुत्र दुर्जन सिंह ठाकुर के पास डंप थी। वन विभाग को देखते ही ड्राइवर यूपी 95 टी 5763 नंबर की पिकअप लेकर फरार हो गया। बताया गया है कि क्षेत्रीय वन विभाग की टीम ने तस्करी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए जखीरा जब्त किया है। इस कार्यवाही में डिप्टी रेंजर शिवरतन सिंह, वनपाल मयूर श्रीवास्तव, वनरक्षक दीपक चतुर्वेदी, प्रदीप अहिरवार, पुष्पेंद्र नगर, मैयादिन यादव, मधु तिवारी ने अहम भूमिका निभाई।

### घर के बाहर सो रहे वृद्ध पर लोहे की रॉड से हमला



**बमीठा।** थाना क्षेत्र के चौका कोडन्न गांव में रविवार शाम साढ़े छह बजे एक 62 वर्षीय वृद्ध को गांव के ही एक व्यक्ति ने लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, गणेश पटेल, पिता बटिया पटेल, अपने घर के बाहर सो रहा था, जब मनीराम पटेल ने उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गणेश के सिर, पैर और हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की सूचना पर 108 एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### बी.एससी. कृषि में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए बी.एससी. कृषि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 8 जून 2025 को आयोजित होगी। यह पाठ्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप है। इच्छुक अभ्यर्थी आज, 19 मई 2025 तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया, अर्हता, परीक्षा पाठ्यक्रम, पैटर्न, शुल्क और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे समय रहते आवेदन पूर्ण करें और आवश्यक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करें।



# सागर-कानपुर नेशनल हाईवे पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, एक की मौके पर मौत

**छतरपुर। जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के सागर-कानपुर नेशनल हाईवे पर चौरसिया ढाबा के पास शनिवार रात एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।**

हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। ढाबा संचालक की सूचना पर 100 डायल पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को जिला अस्पताल ले गई, जहां रविवार को अस्पताल चौकी ने पंचनामा तैयार किया और पोस्टमॉर्टम कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिलेश पुत्र प्रमोद रैकवार उम्र 28 वर्ष, मूल रूप से खजुराहो के वार्ड 5 का रहने वाला था और पिछले दो माह से मजदूरी के लिए छतरपुर के सटई रोड पर किराए के मकान में पत्नी और दो माह की बेटी के साथ रह रहा था। शनिवार की रात अखिलेश अपनी बाइक से सिमरिया निवासी साले रामकिशोर की बारात में शामिल होने पुरमऊ जा रहा था तभी चौरसिया ढाबा के पास ट्रक ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी, जिससे अखिलेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**इनका कहना है -**

हादसे की जांच शुरू कर दी गई है, और ट्रक चालक की तलाश जारी है।

**रीता सिंह, थाना प्रभारी, गढ़ीमलहरा**

# करंट की चपेट में आने से नवयुवक बुरी तरह झुलसा



**चंदला।** थाना क्षेत्र के दुमखेड़ा गांव में रविवार सुबह हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से महेंद्र यादव बुरी तरह झुलस गया। घटना उस समय हुई, जब महेंद्र अपने खेत के कुएं पर ट्रैक्टर में पानी का टैंकर भर रहा था। परिजनों ने विद्युत विभाग की लापरवाही पर गंभीर सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार, महेंद्र के घर पर शादी समारोह था। सुबह वह खेत पर स्थित कुएं से पानी भरने गया था। चाचा के अनुसार, महेंद्र टैंकर पर खड़ा होकर सटक से पानी भर रहा था, तभी ऊपर से गुजर रहे 11,000 वोल्ट के तारों में फैले करंट ने उसे खींच लिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। उसका चेहरा और शरीर का हिस्सा गंभीर रूप से प्रभावित हुआ। परिजनों ने तुरंत उसे चंदला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर उसका उपचार कर रहे हैं। परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में बिजली के तार इतने नीचे हैं कि कोई भी आसानी से उन्हें छू सकता है। उन्होंने बताया कि पहले भी मवेशी करंट की चपेट में आकर मर चुके हैं, लेकिन विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता।

# अज्ञात ठगों ने ईंट व्यवसायी से सौदा तय कर ठग लिए 15 हजार

### छतरपुर जिला अस्पताल में डॉक्टर बनकर की गई ठगी

**छतरपुर।** जिला अस्पताल परिसर में एक ईंट व्यवसायी के साथ सुनियोजित तरीके से ठगी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया गया है कि ठगी करने वालों ने पहले व्यवसायी से ईंटों का सौदा तय किया, इसके बाद व्यवसायी को उसके ट्रैक्टर सहित जिला अस्पताल लेकर आए और फिर भुगतान में तकनीकि समस्या बताकर व्यवसायी को पैसे देने की बजाय, उल्टा उसी से पैसे ले लिए। ठगी करने के बाद आरोपी फरार हो गए हैं। वहीं व्यवसायी ने कोतवाली थाना में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

### इस तरह की गई ठगी -

मूलतः उत्तरप्रदेश के राठ निवासी 22 वर्षीय आशीष पुत्र चंद्रप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि वह छतरपुर के पठापुर रोड पर किराए के घर में रहता है और ईंट बनाकर बेचने का व्यवसाय करता है। आशीष ने बताया कि रविवार को वह महोबा रोड स्थित मंडी के पास अपने ट्रैक्टर पर ईंट लादकर खड़ा था। इस दौरान एक युवक उसके पास आया, जिसने जिला अस्पताल में ईंट की जरूरत होने की बात कहकर 9 हजार 300 रुपये में ट्रॉली का सौदा तय किया। आशीष के मुताबिक उक्त युवक ने उससे कहा था कि वह जिला अस्पताल में ट्रॉली की कीमत 10 हजार रुपए बताए और पैसे मिलने के बाद 700 रुपए उससे बतौर कमीशन दे। आशीष ने उसकी शर्त मान ली और ट्रैक्टर लेकर जिला अस्पताल पहुंच गया। सौदा तय करने वाले युवक के कहे अनुसार जिला अस्पताल परिसर में ट्रॉली खाली करवा दी। इसके बाद जब पैसों के भुगतान का समय आया तो सौदा तय करने वाला युवक अपने एक अन्य साथी को लेकर आया, जो खुद को जिला अस्पताल का डॉक्टर बता रहा था। आशीष ने बताया कि उक्त दूसरे व्यक्ति ने ऑनलाइन भुगतान में तकनीकि समस्या होने की बात कही और उससे कहा कि वह अपने नंबर से उसके नंबर पर 20 रुपए का भुगतान करे। यदि पैसे आ गए तो वह यह 20 रुपए मिलाकर उसे पूरा भुगतान करेगा। आशीष ने उसकी बातों में आकर 20 रुपए का भुगतान कर दिया। आशीष ने बताया कि इसके बाद इसी तरह से उस दूसरे व्यक्ति ने कई बार उससे अपने खाते में पैसे डलवाए। धीरे-धीरे करके उसने करीब 15 हजार रुपए अपने खाते में डलवा लिए और फिर उसे चकमा देकर रफू चक्कर हो गए। जब उनके फोन लगना बंद हो गए तब उसे महसूस हुआ कि उसके साथ ठगी की गई है। फिलहाल आशीष ने घटना की शिकायत कोतवाली थाना में करने की बात कही है।



# ट्रैफिक सिग्नल बंद, प्रभावित हो रहा यातायात



**छतरपुर।** शहर के आकाशवाणी तिराहा, फुब्बारा चौक, छत्रसाल चौराहा और पन्ना नाका पर 2015 में लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल काफी दिनों से बंद पड़े हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। आकाशवाणी तिराहे का सिग्नल कुछ समय तक चालू था, लेकिन पिछले एक माह से वह भी बंद है। इससे राहगीरों को चौराहों पर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यातायात प्रभारी बृहस्पति कुमार साकेत ने बताया कि सिग्नल बंद होने का मुद्दा सड़क सुरक्षा बैठक में कलेक्टर के समक्ष उठाया गया है, और नगर पालिका को सुधार के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा ने दावा किया कि आकाशवाणी तिराहे के सिग्नल का सुधार कार्य जल्द शुरू होगा। बताया जाता है कि सिग्नल संचालन के लिए एक निजी कंपनी से अनुबंध हुआ था, जिसमें कंपनी सिग्नल पर विज्ञापन बोर्ड लगाकर उन्हें संचालित करने वाली थी। हालांकि, सिग्नल बंद पड़े हैं, लेकिन विज्ञापन बोर्ड का कार्य निर्बाध जारी है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका और प्रशासन से सिग्नल व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि यातायात सुगम हो और चौराहों पर होने वाली अव्यवस्था से निजात मिले।

# बागेश्वर महाराज की दूसरी सनातन हिंदू जोड़ो पदयात्रा 7 नवंबर से

### हरियाणा की कथा में महाराज श्री ने दी जानकारी



**छतरपुर।** समूचे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लगातार प्रयास कर रहे हैं। देश के सभी हिंदुओं को एकजुट करने के लिए उन्होंने गत वर्ष 160 किमी लम्बी सनातन हिंदू जोड़ो एकता पदयात्रा भी की थी। महाराज श्री अपने इसी संकल्प को लेकर फिर से नवंबर में पदयात्रा करने जा रहे हैं। यह पदयात्रा दिल्ली से शुरू होकर वृंदावन में समाप्त होगी। हरियाणा की कथा में महाराज श्री ने अपनी पदयात्रा की जानकारी दी। हरियाणा के पानीपत में चल रही श्री हनुमंत कथा के पहले दिन बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराज श्री ने अपनी दूसरी पदयात्रा की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 7 नवंबर से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए फिर से पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा 10 दिनों की होगी। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा दिल्ली से शुरू होगी और वृंदावन तक जाएगी। तीन राज्यों से होकर गुजरने वाली 131 किमी लम्बी यह पदयात्रा प्रत्यक्ष रूप से 5 करोड़ लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास करेगी। हालांकि इस पदयात्रा के माध्यम से देश के कोने कोने में फिर से सनातन हिंदुओं को जगाने का संदेश पहुंचाया जाएगा।

### हम आंदोलन नहीं, आंदोलित करते हैं -

बागेश्वर महाराज ने कहा कि जब तक भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बन जाएगा तब तक वह चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कथा के दौरान कहा कि हम आंदोलन नहीं लोगों को राष्ट्र के लिए आंदोलित करते हैं। उन्होंने कहा कि हम कलमा पढ़ने के बजाय मौत को गले लगाने वाले हैं। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि लोग अपना फायदा कमाने के लिए दुकानों का नाम बदल लेते हैं। हिंदू देश और धर्म के लिए अपनी जान दे देगा लेकिन किसी की गुलामी स्वीकार नहीं करेगा।

# पानी से भरे गड्ढे में डूबकर 3 वर्षीय मासूम की मौत

**छतरपुर। शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र के पठापुर रोड पर रविवार दोपहर करीब 3 बजे पानी से भरे गड्ढे में डूबकर 3 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। परिजन बच्चे को जिला अस्पताल लेकर आए थे, जहां मौत की पुष्टि के बाद बच्चे की मां का बिलखना हर किसी की आंखें नम कर गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले टीकमगढ़ के कुड़ीला गांव के बछोड़ा मजरा का रहने वाला खरगा प्रसाद प्रजापति और उसकी पत्नी भगवती पिछले एक माह से छतरपुर के लोकनाथपुरम के पास किराए से रहकर मजदूरी कर रहे थे। रविवार को वह पठापुर रोड पर चल रहे एक निर्माण कार्य में मजदूरी करने गए थे। खरगा का 3 वर्षीय पुत्र कृष्णा भी उनके साथ निर्माण स्थल पर था, जो दोपहर करीब 3 बजे खेलते-खेलते पास में मौजूद पानी से भरे गड्ढे में गिर गया। काफी देर तक जब भगवती को बच्चा दिखाई नहीं दिया तो उसने काम छोड़कर बच्चे की तलाश शुरू की और इसके बाद गड्ढे में बच्चे को देखकर चीख पड़ी। आनन-फानन में बच्चे को गड्ढे से बाहर निकालकर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही भगवती अपने बच्चे के शव को गोद में लेकर फूट-फूटकर रोने लगीं। जब पिता खरगा ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव लेने की कोशिश की, तो मां ने देने से इनकार कर दिया। काफी समझाने के बाद भी वह तैयार नहीं हुईं, जिसके चलते शव को जबरन छीनकर मर्चरी ले जाया गया।



# पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपियों पर घोषित किया इनाम घोषित



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने फरार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम की उद्घोषणा की है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराधों में शामिल इनामी आरोपियों को पकडऩे के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। नौगांव अपहरण मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार, ईशानगर में 2024 के लूट मामले में 5 हजार, अलीपुरा में आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में 8 हजार, राजनगर में हत्या के प्रयास में फरार लवकुश पटेल, हिसाबी पटेल, सतीश पटेल, अखिलेश पटेल, अनिल पटेल (डिगोनी) के लिए 7 हजार, बिजावर में अवैध वसूली और मारपीट में दशरथ अहिरवार पठारी कला के लिए 5 हजार, सटई में चोरी के मामले में रवि रैकवार बसारी के लिए 3 हजार और लवकुशनगर, बमीठा, चंदला, हरपालपुर में अज्ञात आरोपियों के लिए 3-3 हजार का इनाम घोषित किया गया है। अपहरण के पुराने मामलों (2020 से पहले) में 10 हजार, 2021-2023 में 5 हजार और 2024 में 3 हजार का इनाम रखा गया है।

### कई इनामी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

वहीं दूसरी ओर पुलिस ने कई इनामी आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। बड़ा मलहरा पुलिस ने चोरी के दो मामलों में 16 हजार के इनामी चरन अहिरवार (देवथा) को पकड़ा है। लवकुशनगर पुलिस ने हत्या के मामले में 10 हजार के इनामी अनुज उर्फ हरिओम राजपूत, सतीश राजपूत रजपुरवा को गिरफ्तार किया। बमनौरा पुलिस ने हत्या के प्रयास में 8 हजार के इनामी इंदु उर्फ इंद्रपाल सिंह घोसी, राजा भैया घोसी बंधा को पकड़ा है। ओरछा रोड पुलिस ने लूट-डकैती में 5 हजार के इनामी रवि अहिरवार थरा, दीपक तिवारी शारदा नगर, करण अहिरवार, राहुल साहू, शिवा अहिरवार, रवि कुशवाहा नारायणपुरा और चोरी में 5 हजार के इनामी शहीदुल उर्फ लादेन दमोह को गिरफ्तार किया है। सटई पुलिस ने मारपीट में 3 हजार के इनामी भगवान दास उर्फ कटु यादव, अरविंद यादव कदवां को पकड़ा। हरपालपुर पुलिस ने 3 हजार के इनामी ललित खटीक निवासी वीर सिंह का पुरा और लवकुशनगर पुलिस ने 3 हजार के इनामी प्रभु दयाल श्रीवास को गिरफ्तार किया है। गौरिहार पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में 3 हजार के इनामी रामकेश कुशवाहा को पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर श्रमदान एवं हस्ताक्षर अभियान का किया आयोजन

**सिंगरौली।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान हर दिन नई गति पकड़ रहा है और इस मुहिम में एनटीपीसी विन्ध्याचल अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां चलाए जा रहे प्रभावशाली अभियानों ने न केवल समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया, बल्कि नागरिक जिम्मेदारी को भी मजबूती से स्थापित किया है। इसी क्रम मे एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर श्रमदान एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल का नेतृत्व श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) ने किया। इस अवसर पर श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस व एडीएम) और श्री राकेश अरोड़ा, प्रमुख मानव संसाधन (विन्ध्याचल) उपस्थित रहे। साथ ही श्री ज्ञान सिंह भाटी और श्री भास्कर चौधरी (सहायक कमांडेंट्स, सीआईएसएफ) एवं उनकी टीम की सक्रिय भागीदारी ने इस सामूहिक संकल्प को और भी मजबूती प्रदान की। एकजुटता और उद्देश्य की भावना के साथ कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, सीआईएसएफ कर्मियों, यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने अनुबंधित हाउस कीपिंग स्टाफ के साथ मिलकर विंध्य चिकित्सालय परिसर की सफाई में श्रमदान किया। यह श्रमदान स्वच्छता के प्रति न केवल प्रत्यक्ष प्रतिबद्धता दर्शाता है, बल्कि उन कर्मचारियों के प्रति सम्मान भी व्यक्त करता है जो प्रतिदिन पर्दे के पीछे मेहनत करते हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने उनके समर्पण और सेवा की सराहना करते हुए उन्हें हाइजीन किट भेंट कर सम्मानित भी किया, जो परियोजना की समावेशिता और आभार की संस्कृति को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत जिम्मेदारी के संदेश को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए एक सिग्नेचर अभियान भी आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने एक स्वच्छ और हरित भारत के लिए अपनी प्रतिबद्धता को हस्ताक्षर कर व्यक्त किया, जो सामाजिक बदलाव में व्यक्तिगत योगदान की शक्ति का प्रतीक है। इन प्रभावशाली प्रयासों के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना स्वच्छता, समावेशिता और स्थिरता के मूल्यों को लगातार बढ़ावा दे रहा है और सामुदायिक भागीदारी से पर्यावरणीय कार्रवाई का आदर्श स्थापित कर रहा है।



## खबर संक्षेप

### मिट्टी के पोषक तत्व और गुण बताता है मृदा स्वास्थ्य कार्ड

रीवा । भारत सरकार द्वारा स्वाइल हेल्थ कार्ड यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत किसान सिंचित क्षेत्र में 2.5 एकड़ तथा असिंचित क्षेत्र में 10 एकड़ क्षेत्र से मिट्टी का नमूना लेकर उसकी जाँच कराते हैं। यह जाँच कृषि विभाग द्वारा की जाती है। कृषि विभाग द्वारा मिट्टी के नमूने लिए जाने पर इसकी जाँच पूरी तरह से निःशुल्क रहती है। यदि किसान स्वयं सेंपल लेकर जाता है तो मिट्टी के नमूने की जाँच के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति के किसान को तीन रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसान को पाँच रुपए प्रति नमूना शुल्क देना होता है। मिट्टी में माइक्रो न्यूट्रेंट की जाँच कराने के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को 30 रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसानों को 40 रुपए शुल्क देना होता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसान को उसके खेती की मिट्टी के गुणों तथा पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि मिट्टी के पोषक तत्व के आधार पर किसान को उचित फसल की सलाह दी जाती है। मिट्टी में यदि पोषक तत्व की कमी है तो उसके अनुरूप उर्वरक के उपयोग का सुझाव, दिया जाता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसान के खेत की मिट्टी का रिपोर्ट कार्ड है। इस कार्ड में किसान का नाम, सर्वे नम्बर, खेत का रकबा आदि लिखा रहता है। प्रत्येक तीन साल में मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज कराना आवश्यक है। हर किसान अपने प्रत्येक खेत की मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड अवश्य बनवाएं। इससे सही फसल के चयन, खाद के संतुलित उपयोग और जल प्रदूषण से बचाव में सहायता मिलती है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रत्येक किसान के लिए बहुत उपयोगी है।

### सूने मकान में चोरों ने बोला धावा

रीवा। शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरहुला कॉलोनी में चोरों ने चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बता दे जिले मे वैवाहिक सीजन के चलते में चोरी घटनाएं लगातार बढ़ रही है इसके कारण क्षेत्र में जनता के बीच एक भय का माहौल व्याप्त है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एक सप्ताह पूर्व गांव गए दो भाईयों के परिवार जब वापस लौटा तो घर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर देखा तो करीब 8 से 10 लाख रूपए के सोने चांदी के आभूषण गायब मिले। पीड़ित ने घटना की शिकायत बिछिया थाना में दर्ज करवाई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शहर के चिरहुला मंदिर के पीछे बसी कॉलोनी को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। बताया गया कि घर के लोग करीब एक सप्ताह पूर्व गांव गए हुए थे, परिजन जब आए तो उन्हे चोरी की जानकारी हुई। बताया गया कि गुढ़ थाना क्षेत्र के बडा गांव निवासी कुशाल सिंह और रुद्र प्रताप सिंह के सूने का मकान चिरहुला मंदिर के पीछे बना हुआ है। दोनों भाईयों का परिवार गांव गया हुआ था। परिजनों के मुताबिक दोनों घरों में मिलाकर अज्ञात चोरों ने तकरीबन 8 से 10 लाख रुपए कीमती सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए है। फिलहाल बिछिया पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उनकी तलाश में जुटी हुई है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा किसानों को देती है बीमा लाभ

रीवा । देश में खेती परंपरागत रूप से प्रकृति पर आधारित है। किसान की फसल पर पाले, अधिक वर्षा, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा में हानि का सदैव खतरा रहता है। इससे किसान को सुरक्षा देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में बीमा कंपनियाँ बीमा की जो राशि तय करती हैं उसमें से किसान को खरीफ फसल के लिए केवल 2 प्रतिशत और रबी फसल के लिए 1.5 प्रतिशत प्रीमियम देना होता है। बागवानी फसलों के लिए प्रीमियम राशि 5 प्रतिशत निर्धारित की गई है। प्रीमियम की शेष राशि का 50 प्रतिशत केन्द्र सरकार तथा 50 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा अदा किया जाता है। फसल हानि होने पर कम से कम 25 प्रतिशत दावा राशि सीधे किसान के बैंक खाते में दी जाती है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि प्रत्येक जिले में तहसीलवार, फसलवार तथा हल्कावार बीमा के प्रकरण तैयार किए जाते हैं। ऋणी और अऋणी किसान खरीफ फसल के लिए 16 अगस्त तक तथा रबी फसल के लिए 15 सितम्बर से 16 जनवरी तक फसल बीमा योजना के आवेदन बैंकों में जमा कर सकते हैं। बैंकों द्वारा खरीफ फसल के लिए 30 सितम्बर तक तथा रबी फसल के लिए 28 फरवरी तक बीमा प्रस्ताव संबंधित बीमा कंपनी को भेजना आवश्यक होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ फसल के लिए ऋणी किसान 15 सितम्बर तक एवं अऋणी किसान 22 अगस्त तक प्रीमियम की राशि जमा कर सकते हैं।

## पुलिस ने 9 बाइक की बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

# कबाड़ में काटकर बेचते थे दोपहिया वाहन

**रीवा । शहर में लगातार सामने आ रही बाइक चोरी की वारदातों के बीच समान थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 9 चोरी की बाइकें बरामद की हैं, जिनमें से दो गाड़ियों को आरोपी कबाड़ की दुकान में काट चुके थे। वहीं सात मोटरसाइकिलें सही हालत में पाई गई हैं।**

हरिभूमि न्युज, रीवा



गिरोह कबाड़ की आड़ में बाइक के पुर्जे निकालकर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर बेचता था। इस कार्रवाई को लेकर शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आरती सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं के मद्देनज़र वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने और बाइक चोर गिरोहों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। बता दे 16 मई को नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी को एक मुखबिर से सूचना मिली कि दून पब्लिक स्कूल के पास दो संदिग्ध युवक चोरी की बाइक के साथ मौजूद हैं और वाहन बेचने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर समान थाना प्रभारी विकास कपीस अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके कब्जे से दो मोटरसाइकिलें मौके पर ही बरामद हुईं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर लिया, जहां पूछताछ में उन्होंने चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपियों ने बताया कि वे काफी समय से रीवा शहर और आस-पास के थाना क्षेत्रों से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। चोरी की बाइकें वे गोविंदगढ़ स्थित एक कबाड़ दुकान में ले जाकर ग्राइंडर से काटते और उनके पार्ट्स अलग-अलग स्थानों पर बेचते थे।बॉक्स कबाड़ी की दुकान बनी थी चोरों का अड्डागिरफ्तार आरोपी मोहम्मद सद्दाम पिता मोहम्मद सहजाद (32 वर्ष), निवासी धोबखरी, गोविंदगढ़ की कबाड़ की दुकान इस पूरे गिरोह का संचालन केंद्र बनी हुई थी। पुलिस ने इस दुकान से दो कटी हुई मोटरसाइकिलों के पार्ट्स और बाइक काटने में प्रयुक्त ग्राइंडर कटर भी जब्त किया है। पुलिस का मानना है कि आरोपी इस अवैध कार्य को संगठित ढंग से लंबे समय से अंजाम दे रहे थे। समान थाना प्रभारी विकास कपीस ने बताया कि आरोपियों तक पहुंचने में शहर भर में लगे सीसीटीवी कैमरों की अहम भूमिका रही। फुटेज खंगालने पर संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर आरोपियों की पहचान हुई, जिसके बाद उन्हें रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई गई।ये आरोपी हुए गिरफ्तारप्रद्युम्न चतुर्वेदी पिता राम प्रमोद चतुर्वेदी, उम्र 25 वर्ष, निवासी विछिया ताला, जिला सतना (मैहर), मोहम्मद सद्दाम पिता मोहम्मद सहजाद, उम्र 32 वर्ष, निवासी धोबखरी, थाना गोविंदगढ़ ।

### पुलिस ने जब्त की ये बाइकें:

छानबीन के दौरान पुलिस ने समान और सिविल लाइन थाना क्षेत्रों से चोरी गई कुल 9 बाइकें बरामद की हैं, जिनके विवरण निम्नलिखित हैंः हीरो एचएफ डीलक्स (MP17 MT 2818) बजाज पल्सर 150 (MP17 MF 5735) होंडा साइन (MP37 MS 1985)बजाज पल्सर (MP17 ME 1443)होंडा सीबी यूनिकॉन (बिना नंबर)हीरो स्प्लेंडर (MP19 ME 8247) एचएफ डीलक्स (लाल रंग की) टीवीएस स्टार सिटी (बिना नंबर) हीरो बाइक।

## प्रभारी मंत्री की बैठक में कांग्रेस विधायक को नो एंट्री नाराज विधायक ने लगाए लोकतंत्र की हत्या के आरोप



**रीवा** । रीवा में रविवार को प्रभारी मंत्री की बैठक में सेमरिया से कांग्रेस के विधायक अभय मिश्रा की नो एंट्री कर दी गई। दरअसल प्रभारी मंत्री की आयोजित इस बैठक में सेमरिया विधायक को आमंत्रण नहीं दिया गया, ऐसे में बैठक के बीच विधायक सर्किट हाउस तो पहुंचे लेकिन वह मैदान पर बाहर ही बैठे रहे। विधायक ने एक ओर इसे प्रशासनिक बैठक बताते हुए विपक्षी दल के विधायक को ना बुलाने पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया तो, वहीं प्रभारी मंत्री ने खुद आयोजित बैठक को भाजपा कोर कमेटी की बैठक होना बताया है। दरअसल रविवार को तय कार्यक्रम के मुताबिक प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल का आगमन हुआ, प्रभारी मंत्री के आगमन पर सर्किट हाउस में बैठक का आयोजन किया गया जिस दौरान प्रभारी मंत्री ने सांसद और सभी विधायकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। हालांकि इस बैठक के दौरान कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा सर्किट हाउस के बैठक हाल से बाहर नजर आए जिस दौरान उन्होंने बैठक में ना बुलाने का आरोप लगाया। विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि बैठक मध्य प्रदेश शासन के स्थानांतरण नीति के क्रियान्वयन को लेकर प्रभारी मंत्री द्वारा सर्किट हाउस में जिले के सांसद विधायकों के साथ बैठक ली गई, लेकिन इस बैठक में उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया। फिलहाल विधायक ने इस संबंध में प्रभारी मंत्री को शिकायत पत्र भी दिया है जिसमें उन्होंने बैठक में ना बुलाकर सेमरिया विधानसभा की जनता जनार्दन का अपमान करने और लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया। वहीं बैठक के खत्म होने के बाद जब प्रभारी मंत्री से मीडिया ने इस संबंध में सवाल किया तो उन्होंने आयोजित बैठक को भाजपा की कोर कमेटी की बैठक होना बताया। प्रभारी मंत्री ने कहा क भाजपा के कोर कमेटी की बैठक और एक अलग से प्रशासनिक बैठक की गई, जिसे लेकर कांग्रेस विधायक को लगा कि यह ऑफिशियल बैठक है जबकि ऐसा नहीं है।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### लगन और परिश्रम से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त हो जाता है - प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्युज, रीवा



जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के ग्राम पहड़िया में सेवियर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित समारोह में स्कूल के कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कहा कि हर विद्यार्थी अपने कैरियर और जीवन के लिए बड़े सपने देखता है। इन सपनों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास की आवश्यकता होती है। अपनी प्रतिभा और परिश्रम से विद्यार्थी सफलता के शिखर छू सकते हैं। लगन और परिश्रम से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त हो जाता है। हमें जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना है उसके लिए अभी से तैयारी करनी चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा के अनुरूप कैरियर का चुनाव करके सभी विद्यार्थी अच्छी सफलता प्राप्त करें। भावी पीढ़ी पर ही देश और प्रदेश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। आपका कैरियर केवल आप के लिए ही नहीं पूरे समाज के लिए महत्वपूर्ण है। समारोह में विद्यार्थियों को सम्मान पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री ने सबसे पहले प्रदेश की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली अंजली शर्मा को सम्मानित किया। समारोह भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, अजय सिंह, स्कूल के संचालक शिक्षकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सीसीटीवी से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा

### 32 चालकों के काटे गए ई-चालान, बसों-ऑटो पर भी चला अभियान, 15 वाहन सीज, कईयों को थमाए नोटिस



हरिभूमि न्युज, रीवा

शहर में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने अब सख्त रुख अपना लिया है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से नियम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान कर उनके खिलाफ ई-चालान जारी किए हैं। यह कार्रवाई मुख्यतः कॉलेज चौराहा और मार्तण्ड तिराहा क्षेत्र में की गई, जहां ट्रैफिक सिग्नल होने के बावजूद नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। यातायात थाना द्वारा शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुल 32 वाहन चालकों के विरुद्ध ई-चालान जारी किए गए। संबंधित चालकों को समन उनके पते पर भेजे गए हैं। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे 31 मई तक समन शुल्क यातायात थाना, रीवा में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जमा करें। समय सीमा में भुगतान नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**नियम उल्लंघनों पर हुई कार्रवाईः** रेड लाइट जम्पिंग, 14 चालकों पर प्रति व्यक्ति 500 रुपए का जुर्माना, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना, 12 चालकों के खिलाफ कार्रवाई,नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करना, 1 चालक पर जुर्माना,ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग, 3 चालकों पर 1,000-1,000 रुपए का चालान,दोपहिया में तीन सवारी, 2 मामलों में नोटिस जारीबॉक्स शिक्षण संस्थानों और लोक परिवहन वाहनों पर भी शिकंजापुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 15 मई से 31 मई तक स्कूल बसों, निजी शिक्षण संस्थानों की बसों तथा ऑटो रिक्शा जैसे लोक परिवहन वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शनिवार को यातायात थाना प्रभारी अनीमा शर्मा एवं सुबेदार अखिलेश कुशवाहा के नेतृत्व में ट्रैफिक टीम ने सिलपरा और रतहरा बायपास में वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर 15 बसों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। कई बसों में फिटनेस सर्टिफिकेट, आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की कमी, अधिभार तथा तय रूट से बाहर चलने जैसे मामलों में कार्रवाई की गई है।

## महिला किरायेदार ने की थी सूने घर में चोरी, गिरफ्तार पूछताछ में हुआ खुलासा

### सोने-चांदी के आभूषण बरामद

**रीवा।** हर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई एक बड़ी चोरी की वारदात में पुलिस ने खुलासा किया है। बता दे मामले में महिला आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने उसके कब्जे से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। चोरी की यह वारदात 18 अप्रैल को घटित हुई थी, जिसकी शिकायत करीब 20 दिन बाद 7 मई को पीड़िता ने दर्ज कराई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुंदर नगर निवासी मुन्त्री देवी पटेल पति उग्रसेन पटेल 18 अप्रैल को एक पारिवारिक सगाई समारोह में शामिल होने अपने घर से बाहर गई थीं। रवाना होने से पहले उन्होंने कुछ गहने जैसे पायल और मंगलसूत्र निकाल लिए थे और बाकी सभी आभूषणों को एक बैग में रखकर अलमारी में बंद कर दिया था। जब वे 6 मई को समारोह से लौटकर आईं, तो देखा कि अलमारी से सारे गहने गायब थे। उनके द्वारा कई जगह पूछताछ करने व तलाशने के बाद भी जब गहनों का कुछ पता नहीं चला, तो उन्होंने विश्वविद्यालय थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होते ही थाना प्रभारी की निगरानी में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य, कॉल डिटेल्स, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान पीड़िता के ही घर पर किराए से रह रही एक महिला पर संदेह गहराया, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी महिला ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए लगभग चार लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। बरामद गहनों में सोने का लॉकेट, झुमके, बृजवाला, बेदी, अंगूठी समेत अन्य कीमती आभूषण शामिल हैं। पुलिस ने बरामद माल को जब्त कर आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## मऊगंज पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह को 2 महिलाओं के साथ किया गिरफ्तार

### 20 किलो 900 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) कीमती 209000/ रूपये का जब्त

हरिभूमि, मऊगंज



पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के अनुसार मऊगंज के चाक रोड ओवरब्रीज बायपास के पास मऊगंज का विनोद गुप्ता उर्फ लल्लू अपने साथियों के साथ मिलकर उड़ीसा से गांजा की खेप लाकर राजेन्द्र गुप्ता उर्फ पंडित निवासी मऊगंज को गांजा की डिलेवरी देने वाला है सूचना पर मऊगंज पुलिस टीम के द्वारा मौके पर जाकर संदेही विनोद गुप्ता उर्फ लल्लू तथा दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर जामा तलासी ली गई तो आरोपियों के कब्जे से 20 किलो 900 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला तथा 03 नग मोवाइल 01 नग दो पहिया वाहन मिला अवैध मादक पदार्थ गिरोह के तस्करों के द्वारा पुलिस को चकमा देने के लिए अपने साथ महिलाऐं भी रखते है परन्तु मऊगंज पुलिस ने मुखविर की सूचना को बड़ी गम्भीरता से लेते हुए बड़ी सूझ बूझ से अवैध मादक पदार्थ गिरोह को 02 महिलाओं के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों का कृत्य धारा 20 बी, 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट पाये जाने पर थाना मऊगंज में अपराध क्रमांक 355/25 धारा 20 वी, 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### प्रभारी मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

रीवा । जिले के प्रभारी मंत्री पंचायत ग्रामीण विभाग एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने वरिष्ठ जनप्रतिनिधि स्वर्गीय अर्जुन सिंह चौहान के हेडगेवार नगर स्थित निवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री प्रहलाद पटेल ने अनमोल सिंह चौहान तथा परिवारजनों को सांत्वना दी एवं दिवंगत श्री चौहान के कार्यों को याद किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र गुप्ता, अजय सिंह तथा दिवंगत मिश्रा के परिजन उपस्थित रहे।

## नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

मऊगंज





जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जिला कलेक्टर कार्यालय से महज 1 किलोमीटर दूर निहाई नदी स्थित बजरंगबली घाट पर नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई।डूबने वाले बच्चों की पहचान अमन तिवारी (18 वर्ष) और अभय तिवारी (17 वर्ष), दोनों सगे भाई है निवासी हिड़वार तथा उनके मामा का लडका अभिषेक मिश्रा (लगभग 15 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों बच्चे सुबह नदी में नहाने गए थे और दुर्भाग्यवश गहरे पानी में डूब गए।घटना की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर संजय जैन स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्यों की निगरानी शुरू की। पुलिस प्रशासन और बचाव दल मौके पर मौजूद हैं। तीनो बच्चो का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल लाया गया है।यह हृदयविदारक घटना पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।